**गतिविधि 9.** *नीचे दी गई ग्रिड में कुछ जानवरों के नाम छिपे हैं। उन्हें खोजें और खाली जगह में लिखें।*


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऊँ | गा | य | क | चू |
| ट | ब | घो | ड़ा | हा |
| कु | क | हा | ब | ल |
| ता | री | थी | द | बै |
| भै | स | च | र | ल |

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

**गतिविधि 10.** *क्या आप इन चित्रों में 7 अंतर खोज सकते हो?*



**गतिविधि 11.** *मिट्टी के अलग–अलग तरह के खिलौने बनाए जैसे हाथी, घोड़ा, फल, सब्जी आदि। अभिभावक मिट्टी के खिलौने बनाने में बच्चों की मदद करें और बनाए गए खिलौनो पर बच्चों के साथ बातचीत करें। कि आपने ये खिलौना क्यों बनाया और कैसे बनाया।*




**गतिविधि 12.** *नीचे दिए गए मज़ेदार वाक्यों को बच्चों को पढ़कर सुनाएं और जल्दी–जल्दी कई बार बोलने को कहें, और साथ में कुछ पहेलियां दी गई है पहेलियों को पढ़कर को सुनाएं तथा इसका जवाब बच्चों को सोचकर बताने के लिए कहें।*

| मजेदार वाक्य | पहेलियां | |
|---|---|---|
| पके पेड़ पर पका पपीता।<br>पका पेड़ या पका पपीता। | अगर नाक पर चढ़ जाऊं, कान पकड़कर तुम्हें पढ़ाऊँ।<br>मैं देखती नहीं हूं और बिना पैर के चलती हूं।<br>मेरे बिना जी नहीं सकते बताओ मैं कौन हूं? | |
| | **उत्तर** | चश्मा   हवा |

*निर्माणकर्ता–*
1–नीलम आर्य
2–जयश्री जोशी
3–रुचि आर्य
4–पुष्पकला गुररानी( कोटाबाग ब्लॉक)

*तकनीकी सहयोग*
– रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट



## कक्षा–2, वर्कशीट-12 (साप्ताहिक)

## पाठ –12 (बस के नीचे बाघ)

| | |
|---|---|
| बच्चे का नाम.......................... | स्कूल........................................ |
| अभिभावक का नाम.................... | मोबाइल नम्बर.............................. |

*अभिभावकों के लिए – हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चों की मदद करेंगे।*

**गतिविधि 1.** *नीचे दिए गए चित्रों पर बच्चों के साथ खूब सारी बातचीत करें। जैसे नीचे आपको दिए गए चित्रों में कौन–कौन से जानवर दिखाई दे रहे हैं। यह जानवर कहां–कहां रहते होंगे? आपके आस–पास कौन–कौन से जानवर रहते हैं? आपने इन जानवरों को कहां–कहां देखा है? यदि शेर जंगल का राजा ना हो तो इनमे से और कौन–सा ऐसा जानवर है जो जंगल का राजा बन सकता है और क्यों?*



**गतिविधि 2.** *अपने मनपसंद जानवर का चित्र बनाकर उसमें रंग भरे और उसके बारे में कुछ लिखने का भी प्रयास करें।*

**गतिविधि 3.** *अभिभावक नीचे दी गई कविता (पाठ्यपुस्तक अध्याय–12 पृष्ठ संख्या–79,80) को हाव–भाव के साथ पढ़कर बच्चों को सुनाएं और गाएं तथा बच्चों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के बारे में भी बातचीत करें।*



बाघ का बच्चा

रस्ता पक्का हो या कच्चा,
चलता उस पर बाघ का बच्चा।

कभी उछलता कभी कूदता,
धूम मचाता बाघ का बच्चा।


बाल पूँछ के और मूँछ के,
लहराता है बाघ का बच्चा।

पंजे अपने कहीं अड़ाता,
सुस्ताता है बाघ का बच्चा।

माँ जब चलती वह चल पड़ता,
कभी कहीं वह गिरता पड़ता।

79

© NCERT not to be republished



पानी में भी उछल तैर कर,
चलता जाता बाघ का बच्चा।

बड़ा बहादुर बाघ का बच्चा।
घबराता ना बाघ का बच्चा।

घूम-घूम कर दूर-दूर तक,
हो आता है बाघ का बच्चा।

पेट पीठ पर भूरी काली,
धारी-धारी बड़ी निराली।

चलता आता चलता आता,
गुर्राता है बाघ का बच्चा।

80

2019-2020

© NCERT not to be republished

***प्रश्न–1– बाघ के बच्चें को बहादुर क्यों कहा गया हैं?***
***प्रश्न–2– जंगल में रहने वाले अन्य जंगली जानवरों के नाम बताओ।***
***प्रश्न–3– कविता में 'ब' और 'प' से शुरू होने वाले शब्दों को खोजकर गोला लगाओ।***

**गतिविधि 4.** *– बॉक्स में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरा करो।*

***1– रास्ता पक्का हो या कच्चा***
***चलता उस पर............***

*हाथी का बच्चा,   बाघ का बच्चा*

***2– मां जब चलती वह चल पड़ता***
***कभी कहीं..................***

*वह गिरता पड़ता,   वह उठता गिरता*

***3– बड़ा बहादुर बाघ का बच्चा***
***..............बाघ का बच्चा***

*घबराता ना,   शरमाता ना*

**गतिविधि 5.** ***अभिभावक की मदद से–*** *नीचे दी गई कहानी (पाठ्यपुस्तक अध्याय–12 पृष्ठ संख्या–(70,71,72) को पढ़ें और कहानी के अंत में कुछ प्रश्न पूछे गए हैं। उनके बारें में सोचें और बताएं और प्रश्नों के उत्तर भी लिखने का प्रयास करें।*

***किसी जंगल में छोटा बाघ खेल रहा था। खेलते–खेलते वह पास वाली सड़क पर आ गया। वहां एक बस खड़ी थी। बस का दरवाजा खुला था, और वह बाघ उस बस पर चढ़ गया, और बस के भीतर जाकर उसे घर्र–घर्र की आवाज सुनाई देने लगी। उसने देखा बस में बहुत लोग बैठे है और उसने बस में सामने जाकर देखा कि बस में बहुत बड़ा शीशा लगा है और उससे सब साफ –साफ दिख रहा है। बस में बैठे लोग बाघ से डर रहे थे। उसे भगाना चाह रहे थे तभी सामने की सीट पर बैठे एक आदमी ने दरवाजा खोला और भाग गया, बस के और लोग भी भाग गए, लोगो को भागता देख बाघ डर गया। और वह बस से उतरकर बस के आगे वाले पहिए के पास जाकर बैठ गया पर उसे वहां अच्छा नहीं लगा और वह फिर से बस में बैठ गया। उसने देखा सामने से आ रही बस में काफी लोग बैठे हुए हैं। अब बाघ सोचने लगा की लोग उसे देख कर क्यों भाग रहें।***

***प्रश्न–1– लोग बाघ से डरकर क्यों भाग रहे होंगे?***
***उत्तर–   ...........................................***
***प्रश्न–2– क्या तुम भी कोई बस,कार,या जीप में बैठे हो उस पर बैठने पर कैसा लग रहा था?***
***उत्तर–   ..........................................***
***प्रश्न–3– अगर बाघ बस की छत पर चढ़ जाता तो क्या होता?***
***उत्तर–   ..........................................***

**गतिविधि 6.** *आओ शब्दों की अंताक्षरी खेलें । आओ अंताक्षरी की शुरुआत हम कर देते हैं। आप उसे आगे बढ़ाओ। अभिभावक बच्चों को शब्द की आखरी आवाज से नया शब्द बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।*

***बाघ––––घर––– रुमाल–––– लट्टू....................................***

**गतिविधि 7.** *अभिभावक बच्चों के साथ चर्चा करें। जैसे– कुछ गाड़ियों में दो पहिए होते हैं कुछ में तीन, कुछ में चार। नीचे दिए गए वाहनो के नाम को पूरा करें।*

| दो पहिए | तीन पहिए | चार पहिए |
|---|---|---|
| साइ....... | रि........ | का......... |
| बाइ....... | टै........ | ..........स |

**गतिविधि 8.** *दो या दो से अधिक अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाएं और खाली जगह में लिखें जैसे –क, म और ल को मिलाएं तो शब्द बनेगा कमल।*

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | क | ल | म |
| म | ट | र | ग |
| ल | ह | मा | रा |
| म | ल | क | डी |

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................